# अवैध खननः 1774 वाहनों की जांच, एक सीज, 4.26 लाख जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार जिले में अवैध खनन करने वालों पर अंकुश लगाने व नियमों की अवहेलना करने वाले खनिज वाहनों पर प्रशासन द्वारा कड़ी कार्रवाई की जा रही है। इसी कार्रवाई के चलते जिला प्रशासन व खनन विभाग की संयुक्त टीमों ने जिले में 1774 वाहनों की चैकिंग कर एक वाहन को सीज कर उस पर चार लाख 26 हजार रुपये का जुर्माना लगाया। उक्त जानकारी उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने की।

उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशानुसार खनन विभाग के महानिदेशक केएम पांडुरंग खुद खनन विभाग की गतिविधियों पर मॉनिटरिंग कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि जिला में जिला प्रशासन व खनन विभाग की संयुक्त टीमों द्वारा बीती रात 1774 वाहनों की चैकिंग के दौरान 1 वाहन सीज कर 4 लाख 26 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बताया कि एसडीएम छछरौली की टीमों द्वारा 1233 वाहनों की चैकिंग कर एक वाहन को सीज किया गया और उस पर 4 लाख 26 हजार का जुर्माना लगाया गया।

एसडीएम जगाधरी की टीमों द्वारा 298 वाहनों की चैकिंग की गई। उन्होंने बताया कि एसडीएम रादौर की टीमों द्वारा 196 वाहनों की चैकिंग की गई। वहीं, एसडीएम व्यासपुर की टीम द्वारा 47 वाहनों की चैकिंग की गई। उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बताया कि जिला के सभी एसडीएम, पुलिस विभाग व खनन विभाग के अधिकारियों द्वारा दिन रात चैकिंग की जा रही है।

◆ *खनन विभाग पुलिस और जिला प्रशासन ने बीती रात जिलेभर में संयुक्त रूप से चलाया चैंकिग अभियान*

## अवैध खनन रोकने के लिए जिला प्रशासन सतर्क



### जिले में बर्दाश्त नहीं होगा अवैध खननः डीसी

डीसी पार्थ गुप्ता ने बताया कि अवैध खनन की रोकथाम को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह से सजग है । प्रशासन द्वारा जिला में अवैध खनन किसी भी सूरत में सहन नहीं किया जाएगा और ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। जिले से निकल रही यमुना नदी सहित अन्य स्थानों पर अवैध खनन रोकने व बिना ई.रवाना बिल के निकलने वाले खनिज वाहनों पर पूरी संजीदगी के साथ मॉनिटरिंग की जा रही है। जिला में दिन रात जिला प्रशासन द्वारा नियुक्त टीमें जहां सडकों पर बिना ई.रवाना बिल के खनिज वाहनों की जांच कर रही हैं। वहीं नियमों की अवहेलना करने वालों पर कार्रवाई भी सुनिश्चित की जा रही है।

## खबर संक्षेप



### भाजपा ने गांव उन्हेड़ी में निकाली तिरंगा यात्रा

**रादौर।** भाजपा की ओर से मंगलवार को गांव उन्हेड़ी में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। इस दौरान ग्रामीणों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। भारतीय किसान संघ के प्रदेश महामंत्री रामवीर सिंह चौहान व सरपंच मोहित शर्मा ने बताया कि यदि देश पर कोई संकट आता है तो सभी एक स्वर में देशभक्ति के साथ एक साथ खड़े दिखाई देंगे। आने वाली पीढ़ी में देशभक्ति जगाने के लिए ऐसी यात्राएं अति आवश्यक हैं। इस मौके पर मनोज राणा, जसबीर राणा, प्रवीण, कृष्ण, उपाध्याय लाल, राकेश मौजूद रहे।

### बाइक सवारों ने महिला के गले से झपटी चेन

**यमुनानगर।** शहर के हुडा सेक्टर 17 में बाइक सवार दो युवकों ने महिला के गले से सोने की चेन झपट ली। पुलिस ने अज्ञात युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। सेक्टर-17 निवासी मीनाक्षी ने बताया कि वह शाम को छह बजे पैदल किसी काम से जा रही थी। हुडा गेट के पास पहुंची तो बाइक पर सवार होकर दो युवक आए। एक युवक बाइक पर बैठा रहा जबकि एक युवक उसके पास आया गले से सोने की चेन झपटी और अपने साथी की बाइक पर बैठकर फरार हो गया। शोर मचाने पर जब तक आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तब तक आरोपी फरार हो चुके थे।

### सर्वसमाज ने प्रधानमंत्री के नाम अधिकारियों को सौंपा ज्ञापन

# प्रदर्शनकारियों की सरकार से मांग जनसंख्या नियंत्रण कानून हो लागू

*मंगलवार सुबह जिला सचिवालय पर एकत्रित हुए सामाजिक और धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधि तेजी से बढ़ती जनसंख्या पर जताई अपनी चिंता*



यमुनानगर। सचिवालय में पीएम के नाम ज्ञापन सौंपते सर्व समाज के लोग।



यमुनानगर। पशुपालन विभाग के उपनिदेशक को एसीएस के नाम ज्ञापन सौंपते।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिले के सर्व समाज के लोगों ने मंगलवार को जिला सचिवालय पहुंचकर प्रदर्शन किया। इसके बाद प्रदर्शनकारियों ने लघु सचिवालय पहुंचकर प्रधानमंत्री के नाम उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान जिले के विभिन्न सामाजिक व धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

मंगलवार सुबह जिले के सर्व समाज के लोग हाथों में बैनर लेकर जिला सचिवालय पहुंचे और देश में जनसंख्या नियंत्रण कानून लागू करने को लेकर प्रदर्शन किया। उन्होंने प्रशासनिक अधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजा। जिसमें उन्होंने जनसंख्या नियंत्रण कानून लागू करने की मांग की। प्रदर्शन में शामिल श्याम सुंदर, संदीप कौशिक व यश शर्मा ने कहा कि देश की तेजी से बढ़ती जनसंख्या एक गंभीर राष्टीय चिंता का विषय बन चुकी है। जिससे संसाधनों पर बोझ बढ़ रहा है। जिससे सामाजिक सांस्कृतिक असंतुलन उत्पन्न हो रहा है। उन्होंने कहा कि समय की मांग है कि बिना किसी विलंब के एक ठोस और प्रभावी जनसंख्या नियंत्रण कानून संसद में पारित किया जाए और उसे देशभर में सख्ती से लागू किया जाए।

इस मौके पर मौजूद सभी लोगों ने सरकार से अनुरोध किया कि इस विषय पर राजनीति से ऊपर उठकर निर्णय लिया जाए ताकि आने वाले समय में देश की भावी पीढ़ी सुरक्षित और सशक्त हो सके। उन्होंने कहा कि सर्व समाज यमुनानगर की यह पहल समाज में जागरूकता फैलाने और सरकार पर सकारात्मक दबाव बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, ताकि बढ़ती जनसंख्या पर नियंत्रण किया जा सके।

## गरजे चतुर्थ श्रेणी कर्मी, मांगें पूरी नहीं की गई तो करेंगे आंदोलन

**यमुनानगर।** चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी यूनियन पशुपालन एवं डेयरी विभाग हरियाणा(संबंधित सर्व कर्मचारी संघ) के सदस्यों ने उनकी मांगे पूरी नहीं किए जाने पर रोष जताया। उन्होंने मंगलवार को अतिरिक्त मुख्य सचिव हरियाणा पशुपालन विभाग के नाम विभाग के उपनिदेशक को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने ज्ञापन के माध्यम से चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की लंबित पड़ी मांगो को जल्द पूरा किए जाने की मांग की।

मंगलवार को चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी यूनियन के सदस्य जिला प्रधान अनुज व सचिव गौरव कुमार के नेतृत्व में पशुपालन विभाग यमुनानगर के उपनिदेशक के कार्यालय में पहुंचे। इस दौरान उन्होंने पहले बैठक का आयोजन कर उनकी लंबित पड़ी मांगो के पूरा नहीं करने पर रोष जताया। इसके बाद उन्होंने उपनिदेशक के कार्यालय में पहुंचकर उन्हें अतिरिक्त मुख्य सचिव हरियाणा पशुपालन विभाग के नाम ज्ञापन सौंपा। मौके पर यूनियन के जिला प्रधान अनुज ने बताया कि चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की मांगे काफी लंबे समय से लंबित पड़ी हैं। जिन्हें पूरा नहीं किया जा रहा है।

■ **चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी यूनियन के सदस्यों ने मांगो को लेकर अतिरिक्त मुख्य सचिव पशुपालन विभाग के नाम सौंपा ज्ञापन**

उन्होंने बताया कि उनकी मुख्य मांगो में नौकरी से निकाले गए 350 कर्मचारियों को बहाल किए जाने, कच्चे कर्मचारियों को स्थायी किए जाने, पुरानी पेंशन योजना बहाल किए जाने, निजीकरण पर रोक लगाए जाने, हरियाणा कौशल रोजगार निगम से हटाए गए कर्मचारियों की तत्काल बहाल किए जाने व हिसार के पशुधन फार्मों समेत पशुपालन विभाग से हटाए गए गए सभी कर्मचारियों को बहाल किए जाने की मांग की। उन्होंने बताया कि विभाग में करीब ढ़ाई हजार से अधिक पद रिक्त पड़े हैं। मगर पशुपालन विभाग से हटाए गए कर्मचारियों को बहाल नहीं किया जा रहा है। उन्होंने विभाग से जोखिम भत्ते की बहाली किए जाने, पदोन्नति पर लगी रोक हटाए जाने, स्वीपर, चौकीदार आदि पदों पर भर्ती किए जाने की मांग की। उन्होंने कहा कि यदि उनकी मांगों को जल्द पूरा नहीं किया गया तो फिर यूनियन की प्रांतीय कमेटी के निर्देशन में आंदोलन तेज किया जाएगा।



यमुनानगर। निरीक्षण के दौरान लोगों की शिकायतें सुनीते मेयर सुमन बहमनी व अन्य।

## मेयर ने गुलाब नगर का दौरा कर सुनी लोगों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

नगर निगम यमुनानगर की मेयर सुमन बहमनी ने मंगलवार को पार्षद रीना रस्तोगी के साथ वार्ड नंबर एक के गुलाब नगर क्षेत्र का दौरा कर स्थानीय नागरिकों की समस्याएं सुनीं। जनसुनवाई के दौरान लोगों ने जलभराव, पानी की निकासी व सफाई व्यवस्था की समस्याएं प्रमुखता से उठाई। मेयर ने लोगों की समस्याएं सुनकर मौके पर ही अधिकारियों को शीघ्र समाधान करने के लिए निर्देश दिए।

मेयर ने लोगों के साथ क्षेत्र की गलियों व सड़कों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जहां-जहां गली मरम्मत, नाली निर्माण, सफाई व अन्य निर्माण कार्यों की आवश्यकता पाई गई, वहां इंजीनियरिंग व सेनिटेशन ब्रांच के अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने इंजीनियरिंग ब्रांच के अधिकारियों को मरम्मत, नालियों के निर्माण व अन्य विकास कार्यों के तुरंत एस्टीमेट तैयार कर उनका निर्माण कार्य शुरू कराने को कहा। वहीं, गलियों व नालियों की नियमित सफाई के लिए सेनिटेशन ब्रांच को आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। मेयर ने कहा कि निरीक्षण के दौरान जो भी खामियां उजागर होती हैं, उन्हें प्राथमिकता से दूर किया जाएगा। सफाई व्यवस्था को लेकर भी कुछ नागरिकों ने अनियमितता की शिकायत की। जिस पर सेनेटरी इंस्पेक्टर अमित कंबोज को निर्देशित किया गया कि सभी चिन्हित स्थानों का निरीक्षण कर समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि भविष्य में दोबारा ऐसी स्थिति उत्पन्न न हो, इसके लिए विशेष निगरानी रखी जाए। मेयर ने स्पष्ट कहा कि हर समस्या का समाधान हमारी प्राथमिकता है। सरकार का उद्देश्य जनकल्याण है।

### स्कूल में बच्चों व शिक्षकों से संवाद, मिड डे मील जांचा

मेयर सुमन बहमनी ने गुलाब नगर स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का भी दौरा किया। बच्चों और शिक्षकों से संवाद किया, मिड डे मील के तहत परोसे जा रहे भोजन की गुणवत्ता जांची और स्कूल परिसर में बनी आंगनबाड़ी का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्था को परखा। स्कूल परिसर में बनी आंगनबाड़ी का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्था को परखा। उन्होंने बच्चों को दी जा रही शिक्षा के बारे में भी शिक्षकों व बच्चों से बातचीत की। बच्चों की कॉपी व किताब चेक की। उन्होंने बच्चों को मन लगाकर शिक्षा ग्रहण करने और आगामी ग्रीष्मकालीन छुट्टियों में मोबाइल से दूरी बनाकर शिक्षा पर ध्यान केंद्रित करने का आह्वान किया।




## विवेकानंद स्कूलः फूड विदाउट फायर में बच्चों ने बनाए स्वादिष्ट व्यंजन

**रादौर।** स्वामी विवेकानंद सीनियर सेकेंडरी स्कूल अलाहर में मंगलवार को समर कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें छात्रों ने बिना आग का इस्तेमाल किए विभिन्न प्रकार के भोज्य पदार्थ बनाए। कैंप का संचालन अध्यापिका चंचल शर्मा द्वारा किया गया। कैंप के दौरान बच्चों ने स्वादिष्ट और स्वास्थ्यवर्धक सैंडविच और भेलपुरी बनाई। इसके अलावा बच्चों ने अनेक प्रकार के जूस भी बनाए। सभी बच्चे कार्य करते समय बहुत उत्साहित व खुश दिखाई दिए। प्रबंधक सुरेश कांबोज ने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां छात्रों को स्वास्थ्य व पोषण के बारे में भी शिक्षित करती हैं। हमें ऐसे ही भोज्य पदार्थों को खाना चाहिए जो स्वादिष्ट व स्वास्थ्य के लिए लाभदायक हों। मौके पर बच्चों के साथ कक्षा अध्यापक भी मौजूद रहे।

## करियाना स्टोर की खिड़की तोड़ चुराई नकदी व लाखों का सामान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर


■ **रादौर के बबुका चौक से चोरों ने 15 हजार की नकदी व डेढ लाख के सामान चुराया।**

रादौर के बुबका चौक स्थित करियाना स्टोर की खिड़की तोड़कर चोरों ने 15 हजार रुपये की नकदी तथा लाखों रुपये का अन्य सामान चोरी कर लिया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार शास्त्री कॉलोनी रादौर निवासी दीपक उपनेजा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी बुबका चौक पर करियाना की दुकान है। वह 26 मई को देर शाम दुकान से काम खत्म करके घर आ गया था। सुबह जब वह दुकान पर पहुंचा तो दुकान के अंदर सामान बिखरा मिला। जांच करने पर दुकान की खिड़की टूटी हुई थी। इस दौरान दुकान के गल्ले से 15 हजार रुपये, देशी घी, बीडियां, शैंपू, प्रफ्यूम, ड्राईफ्रूट, सिगरेट, चाय के बैग व अन्य सामान गायब मिला। उसने बताया कि चोरी हुए सामान की कीमत करीब डेढ़ लाख रुपये है। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## सभी के दुखों को हरने वाले देवता हैं शनि देव

**रादौर।** कच्चा घाट स्थित शनिदेव मंदिर में शनि जयंती के पर मंगलवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। सैंकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे से पूर्व स्थानीय लोगों ने हवन यज्ञ में आहुति डालकर सभी के लिए मंगल कामना की। विश्व शांति, भाईचारे, व्यवसाय व अच्छी फसल की कामना को लेकर मीठे पानी की छबील भी लगाई गई। मंदिर के पुजारी दारी सिंह ने बताया कि शनिदेव मंदिर को लेकर क्षेत्र के लोगों में भारी आस्था है। हर शनि जयंती पर शनिदेव मंदिर में श्रद्धालुओं के लिए भंडारे का आयोजन किया जाता है। शनि देव सभी के दुखों को हरने वाले देवता हैं। वह कर्म के अनुसार सभी को दंड व आशीर्वाद प्रदान करते हैं। इसलिए सभी को अच्छे कर्म करते रहना चाहिए। इस मौके पर हैप्पी, राजू, पार्षद राजीव आर्य सन्नी, धर्मेंद्र टीटू, अंश, राजपाल, सचिन कांबोज, पप्पल मौजूद रहे।



## नशों से दूर रहकर अपने करियर पर फोकस करें युवाः डॉ. शुभम सलूजा

■ **राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल गुमथला राव में कार्यक्रम।**



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

आरएसएस स्कूल गुमथला राव में ज्ञान दान कैरियर काउंसलिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें ब्लॉक समिति के पूर्व उपाध्यक्ष डॉ. शुभम सलूजा ने मुख्यातिथि के रूप में भाग लिया।

डॉ. शुभम सलूजा ने कार्यक्रम में बच्चों को नशा से दूर रहने व कैरियर बनाने के लिए प्रेरित किया। जिस तरह से बच्चे किसी भी स्ट्रीम से पढ़ लिखकर कामयाबी हासिल कर सकते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को आहवान किया कि वह असफलता के डर को अपने सपनों के बीच की बाधा मत बनने दें, बल्कि उसे अपने सफल होने की प्रेरणा बनाएं। सपनों को साकार करने का पहला कदम है खुद पर विश्वास करना। उन्होंने बच्चों को सामाजिक बुराइयों से स्वयं को दूर रखने व दूसरों को जागरुक करने के लिए आहवान किया। इस मौके प्राचार्य शिव कुमार ने मुख्यातिथि को सम्मानित किया। उन्होंने मुख्यातिथि समेत अन्य अतिथियों का कार्यक्रम में पहुंचने पर आभार प्रक्ट किया। इस अवसर पर स्कूल प्रभारी रेखा चढ्डा, संजीव कुमार, कवलजीत, गुरदीप सिंह, अमन कुमार व मनीष कुमार मौजूद रहे।

## बैंकर्स साइबर ठगी मामलों की जानकारी पुलिस को जल्द करवाएं मुहैयाः एएसपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



जिले में बढ़ती साबइर ठगी के मामलों को लेकर मंगलवार को एएसपी ने जिले के बैंक प्रतिनिधियों की बैठक ली। एएसपी ने बैंक अधिकारियों को साइबर ठगी मामले में पुलिस द्वारा मांगी गई जानकारी जल्द उपलब्ध करवाने की मांग की गई। ताकि साइबर ठगी के मामलें की जांच में तेजी लाई जा सके।

एएसपी सृष्टि गुप्ता ने बताया कि बैठक का मुख्य उद्देश्य साइबर अपराधों के बढ़ते मामलों को प्रभावी ढंग से रोकने तथा पीड़ितों को त्वरित राहत प्रदान करने के लिए आपसी समन्वय को सुदृढ़ करना है। जब किसी साइबर अपराध, विशेषकर बैंक खातों से धोखाधड़ी कर धनराशि निकाले जाने की सूचना प्राप्त होती है तो ऐसे मामलों में बैंकों द्वारा समय पर डेटा साझा किया जाना अत्यंत आवश्यक होता है। साइबर अपराधों की जांच में देरी का एक प्रमुख कारण संबंधित बैंक से समय पर आवश्यक जानकारी प्राप्त न हो पाना होता है।

उन्होंने बैंक अधिकारियों को निर्देश दिए कि पुलिस द्वारा मांगी गई जानकारी शीघ्र उपलब्ध कराएं। जिससे जांच प्रक्रिया में तेजी लाई जा सके। साइबर अपराध के माध्यम से निकाली गई धनराशि पीड़ति को वापस की जाए तो बैंकों को ऐसे न्यायिक आदेशों का त्वरित पालन सुनिश्चित करना चाहिए। बैठक में उपस्थित सभी बैंक प्रतिनिधियों ने पुलिस के साथ पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया तथा साइबर अपराध नियंत्रण में हर संभव सहायता देने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। एएसपी ने साइबर अपराधों की रोकथाम हेतु जन जागरूकता अभियान चलाए जाने पर बल दिया। पुलिस व बैंकर्स लोगों को सतर्क रहने की सलाह देंगे ताकि ऐसे अपराधों पर प्रभावी रूप से अंकुश लगाया जा सके।

### निगमायुक्त ने जलभराव वाले इलाकों का किया निरीक्षण

# नालों की सफाई में ढिलाई नहीं होगी बर्दाश्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



ट्विन सिटी में पहली बारिश के दौरान हुए जलभराव वाले स्थानों व नालों का नगर निगम आयुक्त अखिल पिलानी ने अन्य अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान नालों के वह प्वाइंट जिनके कारण शहर में पहली बारिश में जलभराव हुआ का मुआयना किया। मौके पर उन्होंने उन्होंने अधिकारियों व सफाई ठेकेदारों को ब्लॉकेज नालों की अच्छे ढंग से सफाई करने और अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए।

नगर निगम आयुक्त अखिल पिलानी दोपहर बाद अतिरिक्त निगम आयुक्त धीरज कुमार, उप निगम आयुक्त कुलदीप, मुख्य सफाई निरीक्षक हरजीत सिंह, मुख्य सफाई निरीक्षक अनिल नैन, निगम अभियंता मुनेश्वर भारद्वाज व सफाई निरीक्षक अमित कांबोज के साथ गत दिनों हुई पहली बारिश में शहर में हुए जलभवार वाले स्थानों पर पहुंचे। इस दौरान निगम आयुक्त ने सबसे पहले जोन एक के जगाधरी में सेंट थॉमस स्कूल के पास से निकल रहे नाले का निरीक्षण किया। इसके बाद उन्होंने मटका चौक रामलीला भवन के पास, जगाधरी बस स्टैंड के नजदीक, अंबाला रोड स्थित पुलिया, जगाधरी के हुड्डा सेक्टर 17 के मोड वाली पुलिया, जिमखाना क्लब रोड, प्रोफेसर कॉलोनी, कन्हैया साहिब चौक, मॉडल टाउन, शक्ति नगर व टैगोर गार्डन में पहुंचकर जलभराव वाले स्थानों का जायजा लिया। इसके बाद जोन दो में लाजपत नगर, विजय नगर कॉलोनी, विश्वकर्मा चौक के पास स्थित पुलिया, विष्णु नगर, आर्य नगर, वर्कशॉप रोड, ससौली रोड, पुराना हमीदा व डिचड्रेन स्थित विभिन्न स्थानों का निरीक्षण किया। मौके पर उन्होंने नालों में जहां गंदगी मिली उसे संबंधित ठेकेदार के कर्मचारियों से साफ करवाया। नालों के जो चेंबर जाम व क्षतिग्रस्त मिले उन्हें तुरंत ठीक करने के अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को आपस में तालमेल बनाकर सभी नालों की जल्द से जल्द सफाई कराने के निर्देश दिए। ताकि मानसून में जलभराव की ऐसी स्थिति दोबारा उत्पन्न न हो।

### नालों की सफाई में लाएं तेजी

निगमायुक्त अखिल पिलानी ने सफाई एजेंसियों के ठेकेदारों को कड़े निर्देश दिए कि वे सफाई कर्मचारियों की संख्या व संसाधन बढ़ाकर नालों की सफाई जल्द निपटाएं। जिन स्थानों पर जलभराव हुआ है। उसके आसपास बने नालों व स्टॉर्म वाटर लाइन की पहले सफाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कड़े शब्दों में कहा कि नालों व स्टॉर्म वाटर ड्रेन की सफाई में ढील बर्दाश्त नहीं होगी। जहां भी नालों में ब्लॉकेज मिले हैं उन्हें तुरंत ठीक कराएं। नालों की गहराई तक सफाई कर गाद निकालें। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि वह अपने घरों से निकलने वाले ठोस कचरा को नालों में न डालें। कचरा केवल निगम के वाहन में ही डालें।

**खबर संक्षेप**

## राष्ट्रीय लोक अदालत 12 जुलाई को

**कुरुक्षेत्र।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने कहा कि जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिनेश कुमार मित्तल के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा 12 जुलाई 2025 को द्वितीय नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने कहा कि इस द्वितीय नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक केसों का निपटारा किया जाएगा।

## बीईओ से मिला शिक्षकों का शिष्टमंडल



**कुरुक्षेत्र।** राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ पेहवा ब्लॉक का एक प्रतिनिधि मंडल खंड प्रधान राजेंद्र जांगड़ा व जिला उपप्रधान रमेश रंगा की अगुवाई में खंड शिक्षा अधिकारी संजय कुमार से मिला। इसमें खंड शिक्षा अधिकारी को पेहवा ब्लॉक में खंड शिक्षा अधिकारी के रूप में पद ग्रहण करने पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी। इस सभा में अध्यापक साथियों की विभिन्न समस्याओं के बारे में विचार विमर्श हुआ और खंड शिक्षा अधिकारी ने उन समस्याओं का जल्दी ही समाधान करवाने की बात कही।

### पिपली पैराकिट व पिपली बस स्टैंड पर ही होगा बसों का ठहराव

# सड़क हादसों को रोकने के लिए लेना होगा सख्त निर्णय : सोनू भट्ट

**आदेशों की अवहेलना पर कटेंगे चालान**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र




**कुरुक्षेत्र।** अधिकारियों को संबोधित करते एडीसी सोनू भट्ट।

अतिरिक्त उपायुक्त सोनू भट्ट ने कहा कि पिपली चौक पर हादसों को रोकने के लिए 15 दिनों तक पुलिस, आरटीए, नगर परिषद, रोडवेज विभाग एक्शन मोड़ में काम करते हुए कार्रवाई को अमल में लाएं। पिपली चौक पर पुलिस और आरटीए अवैध पार्किंग, ओवरलोड, रॉग साइड वालों के चालान करें, नगर परिषद अवैध कब्जे हटवाएं और दोबारा कब्जा करने वालों पर जुमार्ना लगाएं। साथ ही रोडवेज विभाग अपनी बसों के ठहराव के लिए पिपली चौक पर निर्धारित पैराकिट में बसों में ठहराव सुनिश्चित करें। इसके अलावा सप्ताह के अंदर आरटीए विभाग स्थाई सीसीटीवी लगाए। उन्होंने कहा कि अवैध कब्जे हटवाना, जुमार्ना लगाना, चालान काटना हमारे लिए नंबर हो सकते हैं, लेकिन इन अव्यवस्थाओं के कारण जब किसी परिवार के कमाने वाली की जान चली जाए तो वहीं की स्थिति के बारे में भी सोचना चाहिए। एडीसी सोनू भट्ट मंगलवार को लघु सचिवालय के सभागार में जिला सड़क सुरक्षा कमेटी की मासिक बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। इससे पहले आरटीए निरीक्षक जोगिन्द्र सिंह ढुल ने जिला सड़क सुरक्षा कमेटी के एजेंडे के तमाम बिंदुओं को हाउस के समक्ष रखा। उन्होंने पिहोवा व शाहाबाद के लिए एसडीएम, एमसी और पुलिस की ज्वाइंट कमेटी बनाते हुए निर्देश दिए कि दोनों शहरों में जिस चौक पर ट्रैफिक लाइट लगानी है, वहां का सर्वे करके रिपोर्ट पेश करे। उन्होंने अंबाला-करनाल नेशनल हाईवे पर सड़क के किनारे लगे बिजली विभाग को पोल और डीएफओ को वृक्षों को हटवाने के लिए एनओटी देने के निर्देश दिए। टूरिज्म की प्रॉपर्टी को सड़क में शामिल करने के लिए एनओसी दिए जाने की मांग की। अतिरिक्त उपायुक्त सोनू भट्ट ने कहा कि लाडवा रोड पर खुले अवैध कट को संबंधित विभाग बंद करना सुनिश्चित किया जाए। साथ ही सर्वे टीम द्वारा एनएन-152-डी के तय किए गए स्थानों पर पीली-सफेद पट्टी और साइन बोर्ड लगाए जाएं। उन्होंने कहा कि सेक्टर-2 में ताऊ देवीलाल पार्क के पास रोड पर बनी समाधि को शिफ्ट करने के लिए एचएसवीपी द्वारा जगह उपलब्ध करवाने के लिए पत्राचार किया जाए। साथ ही सेक्टर-2 के मेन रोड की रिपेयर की जाए। इसके अलावा अमीन रोड से एफसीआई गोदाम की रिपेयर और अमीन रोड से गोल बैंक चौक मार्ग के पंचमुखी चौक की 3 सड़कों पर ब्रेकर बनाए जाएं। वहीं ब्रह्म चौक, राजेश पायलट चौक, मल्टी आर्ट चौक और सर्किट हाउस चौक पर रिफ्लेक्टर लाइटें लगाई जाएं। सेक्टर-30 की सड़क के बीच में खड़े पेड़ की फोरेस्ट विभाग से एनओसी लेकर हटवाया जाए। इस बैठक में एएसपी प्रतीक, एसडीएम थानेसर अमन कुमार, एसडीएम पंकज सेतिया, एसडीएम डा. चिनार चहल, एसडीएम कपिल शर्मा, डीएसपी रोहताश कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### अलग से एस्टीमेट भेजकर करें डिमांड

अतिरिक्त उपायुक्त सोनू भट्ट ने कहा कि सभी विभागाध्यक्ष अपने-अपने विभाग के हेड कार्यालय में रोड सेफ्टी का एस्टीमेट भेजकर बजट की डिमांड करें। सभी विभागों के पास रोड सेफ्टी के लिए बजट की व्यवस्था है। इस बजट से सड़क सुरक्षा एवं रोड सेफ्टी की बैठक में आने वाली समस्याओं के निपटान पर खर्च किया जा सकेगा। एडीसी को पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारी ने बताया कि उन्होंने 4 करोड़ रुपये की सड़क रिपेयर, पैच वर्क के लिए डिमांड भेजी है। इसी तरह पुलिस ने 360 सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने की मांग की गई है।

### बस स्टैंड के पास ट्रैफिक लाइट हुई शुरू

अतिरिक्त उपायुक्त सोनू भट्ट ने कहा कि बस स्टैंड के पास लघु सचिवालय की तरफ जाने वाले मार्ग की ट्रैफिक लाइटें शुरू की गई। पिछले काफी समय से इन लाइटों को शुरू किए जाने की मांग की जा रही थी। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग सभी प्राइवेट अस्पतालों में दुर्घटनाग्रस्त मरीजों का कैशलेस योजना के तहत इलाज करने की जागरूकता के लिए होर्डिंग व बैनर लगवाना सुनिश्चित किया जाए। इस योजना के तहत प्राइवेट अस्पतालों ने मई महीने में अब तक 21 और अप्रैल महीने में 52 मरीजों का इलाज किया गया।

### 108 लीटर सरसों के तेल से किया तेलाभिषेक

## भद्रकाली शक्तिपीठ में मनाई शनि देव महाराज की जयंती



**कुरुक्षेत्र।** शनिदेव की पूजा अर्चना करते पीठाध्यक्ष पंडित सतपाल शर्मा व अन्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

ज्येष्ठ अमावस्या के शुभ अवसर पर भद्रकाली शक्तिपीठ में आयोजित श्रीशनि जयंती महोत्सव श्रद्धा, भक्ति और सामाजिक समरसता का अद्भुत संगम बन गया। न्याय के देवता श्रीशनि महाराज के प्रति अटूट श्रद्धा के साथ भक्तों ने इस विशेष दिवस पर भागीदारी की और पीठाध्यक्ष पंडित सतपाल शर्मा के सान्निध्य में विविध धार्मिक अनुष्ठानों में सम्मिलित होकर शनि देव की कृपा प्राप्त की। कार्यक्रम की शुरूआत प्रातः 10 बजे मंगल छींटा स्नान से हुई, जिसमें गंगाजल और गुलाब जल का उपयोग किया गया। तत्पश्चात विशेष शनि पूजन और नवग्रह पूजन विधिवत रूप से शुरू हुआ। हवन मंडप में उपस्थित श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से ॐ शं शनैश्चराय नमः मंत्र का 108 बार जाप किया और तिल के तेल व नवग्रह पत्रिका व लकड़ी की आहुति अर्पित की। शनिदेव के 108 नामों का जाप भी किया गया और नवग्रह यंत्र की पूजा की गई। पीठाध्यक्ष ने नीले पुष्प ऑर्किड की माला शानिशिला पर अर्पित की और काली छतरी की छांव में शनि आरती का सभी भक्तों ने आनंद लिया। कअंत में सभी सेवादारों ने पीठाध्यक्ष के नेतृत्व में 108 लीटर सरसों के तेल से तेलाभिषेक किया गया। यजमान के रूप में विपिन अग्रवाल, नरसिंह गोयल, डॉ सुनील, संजीव सीकरी, मुनीष गोयल इत्यादि रहे।

## विद्यार्थियों ने किया कुवि के संगीत एवं नृत्य विभाग का भ्रमण

**थानेसर।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के संगीत एवं नृत्य विभाग में शैक्षणिक भ्रमण के दौरान जयराम विद्यापीठ सैनिक स्कूल, लोहार माजरा के विद्यार्थियों ने विभाग का अवलोकन किया। इसी कड़ी में विभाग के सेमिनार कक्ष में सांगीतिक विधाओं की प्रस्तुतियां विभाग के ही विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत की गईं जिसमें नृत्य, गायन, सितार व तबला वादन की झलकियों का प्रदर्शन किया गया। सैनिक स्कूल के विद्यार्थियों ने ऑडियो स्टूडियो में रिकार्डिंग की प्रक्रिया को रोचक ढंग से समझा।

# भारतीय योग संस्थान को सीएम सैनी ने उत्कृष्ट कार्यों के लिए किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

- पंचकूला स्थित इंद्रधनुष आडिटोरियम में आयोजित योग महोत्सव के दौरान मिला सम्मान

11 वें अन्तराष्ट्रीय योग दिवस से 25 दिन पूर्व आयुष विभाग, हरियाणा के तत्वावधान में हरियाणा योग आयोग, पंचकूला द्वारा सेक्टर 5 पंचकूला स्थित इंद्रधनुष आडिटोरियम में आयोजित भव्य योग महोत्सव 2025 में सूर्यनमस्कार अभियान 2025 तथा हरियाणा प्रांत में योग के प्रचार-प्रसार में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए समारोह के मुख्य अतिथि माननीय मुख्य मंत्री हरियाणा, नायब सिंह सैनी एवं समारोह की अध्यक्षा आयुष एवं स्वास्थ्य मंत्री, हरियाणा, कुमारी आरती सिंह राव द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। हरियाणा योग आयोग के चेयरमैन डॉ जयदीप आर्य ने मुख्यमंत्री, आयुष मंत्री, अन्य सभी विशिष्ट अतिथियों, सशस्त्र सेनाओं व पैरामिलिट्री बलों के प्रतिनिधियों, सभी योग संस्थाओं के प्रतिनिधियों, आयुष योग सहायकों व अन्य उपस्थित सभी महानुभावों का अभिनंदन करते हुए आयोग की मुख्य उपलब्धियों बारे संक्षेप में बताया।



**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा योग आयोग के योग महोत्सव में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से प्रशस्ति पत्र प्राप्त करते भारतीय योग संस्थान के अधिकारीगण।

## सतलुज स्कूल के बच्चों ने वाटर पार्क में की मस्ती

**शाहबाद।** सतलुज सीनियर सेकेंडरी स्कूल के चौथी कक्षा से बारहवीं कक्षा तक के 280 विद्यार्थियों को एचटूओ वाटर पार्क का भ्रमण के लिए ले जाया गया। प्राचार्य डॉ. आरएस घुम्मन ने विद्यार्थियों को जरूरी दिशा निर्देश दिए तथा अनुशासन में रहने के लिए कहा और स्कूल परिसर से बच्चों को रवाना किया। उन्होंने बताया कि स्कूल के माहौल से हटकर कभी-कभी ऐसे माहौल बनाने से बच्चों में खुशी की भावना बनी रहती है और पढाई के बोझ से आराम मिलता है। कहा कि ऐसी गतिविधियों में भाग लेने से बच्चे तन'व मुक्त होते हैं और उनका चौमुखी विकास होता है और इसके साथ-साथ बच्चों का स्कूल व अपने अध्यापकों के साथ लगाव भी बढ़ता है, क्योंकि ऐसी गतिविधियों का होना बहुत जरूरी है और इसमे भाग लेने से बच्चों का मनोबल भी बढ़ता है। बच्चों ने भी उत्साह और अनुशासन के साथ इस गतिविधि में भाग लिया और वाटर पार्क में खूब मस्ती की और भिन्न-भिन्न प्रकार के झूलों व वॉटर स्लाइड का आनंद लिया। बच्चों ने वाटर पूल में संगीत की धुंनों पर नृत्य भी किया। विद्यार्थियों के साथ शिक्षकों ने भी वाटर पार्क का भ्रमण किया। इस अवसर पर स्कूल कोऑर्डिनेटर् मनिंदर सिंह घुम्मन, उपप्राचार्य सतबीर सिंह,अड्मिनिस्ट्रेटर मनोज भसीन, राहुल, अनू शर्मा, रितु गुप्ता, मंदीप कुमार, राजबीर सिंह, मोहसिन खान, विपिन गुप्ता, रश्मी आदि मौजूद रहे।



# स्थायी परिसर निर्माण की मांग, छात्रों ने सरकार की निष्क्रियता पर जताई चिंता

- श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के छात्रों ने पूर्व विधायक सुभाष सुधा को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र की अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इकाई के छात्रों ने 27 मई 2025 को पूर्व विधायक सुभाष सुधा को ज्ञापन सौंपा। छात्रों ने विश्वविद्यालय के फतूपुर में स्थायी परिसर के निर्माण कार्य में हो रही देरी पर गहरी चिंता व्यक्त की। छात्रों ने बताया कि विश्वविद्यालय की स्थापना वर्ष 2017 में की गई थी और इसके बाद कई बार घोषणाएं एवं बजट आवंटन किए गए। वर्ष 2019 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आधारशिला भी रखी गई, फिर भी आज तक निर्माण कार्य धरातल पर शुरू नहीं हो पाया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में छात्रों को अस्थायी भवनों में शिक्षा प्राप्त करनी पड़ रही है, जहां न तो पर्याप्त कक्षाएं हैं, न पुस्तकालय, न प्रयोगशाला, न छात्रावास और न ही एक कार्यशील शिक्षण अस्पताल। इससे छात्रों के शैक्षणिक एवं व्यावसायिक विकास पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। छात्रों ने सुभाष सुधा से अनुरोध किया कि वे इस मुद्दे को पुनः प्रभावशाली ढंग से सरकार के समक्ष रखें ताकि निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ हो सके।

### पहले भी सीएम के नाम सौंपा था ज्ञापन

*छात्रों ने यह भी अवगत कराया कि इससे पूर्व विश्वविद्यालय की एबीवीपी इकाई द्वारा हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नाम भी ज्ञापन सौंपा गया था, जिसमें एक माह के भीतर फतूपुर में निर्माण कार्य शुरू करने की मांग रखी गई थी। इस अवसर पर एबीवीपी इकाई अध्यक्ष विशाल चतुर्वेदी के साथ डॉ. लक्ष्य, अमित वर्मा, हेमंत, विभोर सेठी, अजय शर्मा, कोमल, प्राची, आरुषि एवं अन्य छात्र उपस्थित रहे।*

## राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में मेगा शिविर 3 जून को

**कुरुक्षेत्र।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने कहा कि डीएलएसए के अध्यक्ष तथा जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिनेश कुमार मित्तल के निदेर्शानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान उमरी में 3 जून 2025 को एक मैगा शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने कहा कि राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान उमरी में 3 जून 2025 को एक मैगा शिविर का आयोजन सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक किया जाएगा।

## दिव्यांग ईशु को सांसद जिंदल ने दिया वॉकर

**पिहोवा।** सांसद नवीन जिंदल के सहयोग से अब गांव मेघा माजरा का ईशु चल फिर सकेगा। शारीरिक रूप से अक्षम इस बच्चे के लिए सांसद नवीन जिंदल ने वॉकर भेजा है। सांसद कार्यालय की ओर से मंगलवार को ईशु को वॉकर सौंपा गया। ईशु के पिता मेघा माजरा निवासी दर्शन लाल ने बताया कि उनके बेटे ईशु को बचपन से ही चलने फिरने में दिक्कत है। वो बिना सहारे के खड़ा नहीं हो पाता और ना ही बिना सहारे के चल सकता है। परिवार की आर्थिक हालत ऐसी नहीं थी कि वो बच्चे को व्हीलचेयर या वॉकर उपलब्ध करवा सकें। ईशु की इच्छा थी कि वो व्हीलचेयर की बजाय वॉकर का सहारा लेकर ही खड़ा हो। अपनी इसी जरूरत को पूरा करने के लिए उसने सांसद नवीन जिंदल से मदद मांगी थी। जिस पर सांसद जिंदल ने तुरंत अपने कार्यालय की टीम को वॉकर खरीद कर इशू को सौंपने के आदेश दिए। मंगलवार को उसे वॉकर दिया गया। जिसके बाद उसकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा। ईशु के पिता दर्शन लाल कश्यप ने कहा कि सांसद नवीन जिंदल अपनी फाउंडेशन के जरिए जरूरतमंद लोगों के दिन रात सेवा कर रहे हैं। इन लोगों की दुआएं हमेशा उनके साथ खड़ी हैं। उन्होंने सोचा भी नहीं था कि इतनी तत्परता से बच्चे की जरूरत पूरी होगी। इसके लिए पूरे परिवार ने सांसद नवीन जिंदल का आभार व्यक्त किया।



# देवी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

- कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी होंगे मुख्य अतिथि

अतिरिक्त उपायुक्त सोनू भट्ट ने कहा कि नारी शक्ति की प्रतीक, राष्ट्र, धर्म और संस्कृति की पुनर्स्थापना की अग्रदूत देवी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती धूमधाम से मनाई जा रही है। जयंती के अवसर पर पिपली की अनाज मंडी में 31 मई राज्य स्तरीय समारोह का आयोजन किया जाएगा। अहम पहलू यह है कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। अतिरिक्त उपायुक्त सोनू भट्टद मंगलवार को लघु सचिवालय स्थित अपने कार्यालय में देवी अहिल्याबाई होल्कर की जयंती पर राज्य स्तरीय समारोह की तैयारियों को लेकर आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने समारोह स्थल पर व्यवस्थाओं की फिजिकल वेरिफिकेशन के लिए अधिकारियों की एक टीम का गठन किया। भाजपा वरिष्ठ नेता जवाहर सैनी ने अधिकारियों के साथ जयंती समारोह स्थल अनाज मंडी पिपली का निरीक्षण किया। इस मौके में भाजपा नेता जवाहर सैनी, जिलाध्यक्ष तिजेन्द्र सिंह गोल्डी, मंडल अध्यक्ष शिव गुप्ता, एसडीएम अमन कुमार, डीएमसी सतेन्द्र सिवाच, जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी डा. नरेंद्र सिंह, रोडवेज जीएम शेर सिंह, डीएसपी लाडवा रणधीर सिंह, मार्केट कमेटी सचिव गुरमीत सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।





## कुवि कर्मचारी जाट सभा ने सेवनिवृति पर रमेश बूरा को किया सम्मानित

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कर्मचारी जाट सभा ने लेखा शाखा से सेवानिवृत हुए क्लर्क रमेश बूरा को सम्मानित किया है। रमेश बूरा क्लर्क लेखा शाखा केयूके से अपनी 24 वर्ष की सर्विस पूरी करके सेवानिवृत हुए हैं। इस उपलक्ष मे कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कर्मचारी जाट सभा ने उनके सम्मान मे नॉन टीचिंग क्लब मे विदाई पार्टी का आयोजन किया। इस दौरान जाट धर्मशाला कुरुक्षेत्र के प्रधान डॉ कृष्ण श्योकन्द मुख्य अतिथि रहे। जाट सभा की कार्यकारिणी ने रमेश बूरा व प्रधान डॉ कृष्ण श्योकन्द को सर छोटू राम जी की प्रतिमा और पुष्प देकर सम्मानित किया। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कर्मचारी जाट सभा के प्रधान संदीप हुड्डा ने रमेश बूरा के सेवा काल की सराहना की और उनके सुखद भविष्य की कामना की। उजाट धर्मशाला प्रधान डॉ कृष्ण श्योकन्द ने रमेश बूरा को सम्मानित करते हुए सेवानिवृति के पश्चात उन्हें जाट धर्मशाला कुरुक्षेत्र मे अपनी सेवाएं देने का आग्रह किया।



## प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग के ऑनर बोर्ड का किया अनावरण

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के कुशल मार्गदर्शन में जनसंचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी संस्थान के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने संस्थान में संचालित बी.एस.सी. प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग के ऑनर बोर्ड का अनावरण किया है। इस ऑनर बोर्ड के माध्यम से संस्थान ने अपने पूर्व विद्यार्थियों को स्थान देकर सम्मानित किया। इस ऑनर बोर्ड में सम्मिलित सभी विद्यार्थी अपने कोर्स के वर्तमान और भविष्य में आने वाले विद्यार्थियों के लिए आईकन बनने का कार्य करेगे जो देशभर की लघु, मध्यम और बड़ी प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग इंडस्ट्री में कार्य कर रहे हैं। और राष्ट्र निर्माण में अपनी अहम भूमिका निभा रहे हैं। इस अवसर पर निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने कहा कि प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग उत्पाद हमारे दैनिक जीवन की मूलभूत आवश्यकताओं में सम्मिलित हैं जिससे व्यक्ति, समाज और राष्ट्र विकसित होता है। निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने कहा कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र में सत्र 2025-26 के लिए एडमिशन आमंत्रित हैं जिसके अंतर्गत बी.एस.सी. प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग की 50 सीटों और एम.एस.सी. प्रिंटिंग ग्राफिक्स एंड पैकेजिंग की 15 सीटों पर एडमिशन प्रक्रिया चल रही हैं जिसमें बीए.सी. प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग के लिए 30 मई और और एम.एस.सी. प्रिंटिंग ग्राफिक्स एंड पैकेजिंग हेतु 15 जून तक आवेदन कर सकते हैं। इसमें कोई दो राय नहीं कि वर्तमान दौर में प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग इंडस्ट्री सभी व्यवसायों का केंद्र बिंदु बन गया है।

**कार्यक्रम** थानेसर विधायक ने जवाहर लाल नेहरू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दी श्रद्धांजलि

# पं. जवाहर लाल नेहरू ने देश को एक सूत्र में पिरोया : अरोड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



**कुरुक्षेत्र।** पंडित जवाहर लाल नेहरू की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते विधायक अशोक अरोड़ा।

देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू की पुण्यतिथि पर थानेसर से कांग्रेस विधायक अशोक अरोड़ा ने रेलवे रोड स्थित पंडित नेहरू जी की प्रतिमा पर जाकर माल्यार्पण किया और उन्हे श्रद्धासुमन अर्पित किए। अरोड़ा ने कहा कि देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू ने चुनौतीपूर्ण हालात मे देश की कमान संभाली थी। उस समय देश भाषा, धर्म, जाति, संप्रदाय तथा छोटी-छोटी रियासतों मे बंटा हुआ था। यहां तक की देश मे खाने के लिए अनाज भी नही था व अनाज भी दूसरे देशों से मंगवाना पड़ता था। जहां उन हालातों में बाबा साहब भीमराव अंबेड़कर ने देश को एक मजबूत संविधान दिया वहीं नेहरू जी ने इन चुनौतियों को स्वीकार किया। उस समय लोग कहते थे कि देश का क्या होगा लेकिन नेहरू जी ने पीछे मुड़कर नही देखा। आज भारत विश्व की चौथी ताकत बना है। इसका श्रेय पंडित जवाहर लाल नेहरू को जाता है। उन्होने कहा कि नेहरू जी ने देश को एक सूत्र मे पिरोया, सार्वजनिक क्षेत्र मे बड़े-बड़े उद्योग स्थापित करवाए। भाखडा डैम नेहरू जी की ही देन है। इस अवसर पर नगर पार्षद मनु जैन, पूर्व नगर पार्षद विवेक मैहता विक्की, जिला कांग्रेस के पूर्व कार्यकारी प्रधान मेहर सिंह रामगढ, प्रदेश कांग्रेस के पूर्व संगठन सचिव सुभाष पाली, सुभाष मिजार्पुर, विशाल मौदगिल, सुनील सैनी, राजेश बंसल व अशोक भट्ट सहित अनेक कांग्रेस कार्यक्रर्ताओं व गणमान्य लागों ने ने नेहरू जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

## केयू में जवाहर लाल नेहरू को दी श्रद्धांजलि

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने मंगलवार को भारत के प्रथम प्रधानमंत्री स्वर्गीय पंडित जवाहर लाल नेहरू की पुण्यतिथि के अवसर पर केयू परिसर स्थित पंडित जवाहर लाल नेहरू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. वीरेन्द्र पाल, डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. दिनेश कुमार, प्रो. डी.एस.राणा, प्रो. रमेश भारद्वाज, प्रो. नीलम ढांडा, प्रो. रीटा, प्रो. जसबीर ढांडा, प्रो. जी.पी. दुबे, युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग के निदेशक प्रो. विवेक चावला, प्रो. कुसुमलता, लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया, प्रो. परमेश कुमार, डॉ. सोमवीर जाखड़, कुटा प्रधान प्रो. दीपक राय बब्बर, डॉ. जितेन्द्र खटकड़, डॉ. जितेन्द्र भारद्वाज, पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ. चेतन शर्मा, डॉ. संजय कौशिक, डॉ. कुलदीप आर्य, राजपाल सहित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।



**कुरुक्षेत्र।** पंडित जवाहर लाल नेहरू की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि देते कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा व अन्य।

